हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 29 जुलाई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4
विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय समारोह अब जशपुर में, तैयारियां तेज






## खबर संक्षेप

### छापरटोली में सोलर हाईमास्ट लाइट का भूमिपूजन



**जशपुरनगर।** कुनकुरी विकासखंड के ग्राम पंचायत जामचुंवा के छापरटोली में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृत सोलर हाई मास्ट लाइट के स्थापना कार्य का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सोलर हाई मास्ट लाइट स्थापित होने से छापर टोली सहित आसपास के क्षेत्र में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा आधारित यह पहल ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनिता सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, उमेश यादव, विकास नाग, सतकुमार यादव, महेश प्रधान, श्री उमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष बने आशीष

**जशपुरनगर।** कला, साहित्य और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्यरत अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की जशपुर जिला इकाई का गठन कर दिया गया है। जिला इकाई के गठन के साथ ही संगठन ने जिले में सांस्कृतिक गतिविधियों को नए स्वरूप में आगे बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। जिला इकाई के गठन के लिए आयोजित आभासी बैठक में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के महामंत्री हेमंत माहुलीकर एवं कोष प्रमुख जागेश्वर सिंह मानसर के सानिध्य में जिले के अनेक कलाकारों, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से आशीष पाण्डेय (सोनू) को जिला अध्यक्ष, ममता सिन्हा को महामंत्री, मीरा अग्रवाल को मंत्री, मनीषा भगत को कोष प्रमुख, राजेन्द्र प्रेमी को साहित्य विभाग संयोजक तथा मिथिलेश पाठक को कला धरोहर विभाग संयोजक का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा संस्कार मित्र के रूप में शुभा मिश्रा, शिव नारायण सोनी, आशुतोष सोनी, आशुतोष शर्मा, संजीता पाठक, किरण महतो, नीलम वर्मा, नीतू श्रीवास्तव, रीना सोनी, सरिता साहू, सुलोचना महापात्र, सोनम सोनी एवं वर्तिका पाठक ने सदस्यता ग्रहण कर संगठन से जुड़ने की सहमति दी।

### 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड-6 क्रमांक-4 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदाओं एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि के मामलों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 4 प्रकरणों में प्रभावित परिजनों के लिए कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। यह सहायता राशि शासन के नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को प्रदान की जाएगी। यह जानकारी अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने दी।

## आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

# सब्जी बनाने से मना करने पर पति ने कर दी पत्नी की हत्या

**शराब पीने को लेकर हुए विवाद में पत्नी को लात-घूंसों से पीटा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सब्जी बनाने से मना करने पर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पति पत्नी के बीच कहासुनी, मनमुटाव व मतभेद सामान्यतः आम जीवन में दिनचर्या का हिस्सा माना जाता है लेकिन विवाद जब एक दूसरे की जान लेने तक बढ़ जाए तो दाम्पत्य जीवन बिखर कर बच्चों को अनाथ होने तक आ जाता है। ऐसा ही एक वाकया थाना कोतवाली जशपुर क्षेत्र में देखने को मिला है जहां घर घुटती के जगेश्वर राम उम्र 48 वर्ष ने अपनी पत्नी दुबेश्वरी बाई उम्र 46 वर्ष की हाथ, लात एवं घूंसों से मारकर उसकी हत्या कर दी। 26 जुलाई को थाना सिटी कोतवाली जशपुर पुलिस को ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि ग्राम घुटरी में दुबेश्वरी बाई उम्र 46 वर्ष की मृत्यु हो गई है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल ग्राम घुटरी पहुंची, जहां दुबेश्वरी बाई अपने घर में मृत अवस्था में पड़ी हुई है, पुलिस के द्वारा आस पास पूछताछ करने पर पता चला कि मृतका दुबेश्वरी बाई व उसके पति आरोपी जगेश्वर राम के मध्य आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था। घटना दिनांक को भी आरोपी जगेश्वर राम ने अपनी पत्नी मृतका दुबेश्वरी बाई के साथ मारपीट की थी।




### कार्रवाई जारी है

डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुटरी में अपनी पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। अग्रिम कार्रवाई जारी है।

### गले व सिर पर मिले चोट के निशान

पुलिस के द्वारा जब शव का पंचनामा किया गया, तो पाया कि मृतका के गले में चोट का निशान था, व सिर में में लगी चोट से खून निकल रहा था, पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका होने पर, पुलिस के द्वारा शव का डॉक्टर से पोस्ट मार्टम कराया गया। डॉक्टर की पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में शरीर में लगी अंदरूनी व बाहरी चोट के कारण मृत्यु की प्रकृति को हत्यात्मक लेख करने पर पुलिस के द्वारा थाने में हत्या के लिए बीएनएस की धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए, आरोपी पति जगेश्वर राम को हिरासत में लिया गया।

### वाद विवाद और हत्या

पूछताछ पर आरोपी जगेश्वर राम के द्वारा अपराध स्वीकार करते हुए बताया गया कि घटना दिनांक को उसके व उसके पत्नी के मध्य शराब नहीं मिलने की बात को लेकर वाद विवाद हो रहा था, इसी दौरान आरोपी के द्वारा अपनी पत्नी को सब्जी बनाने हेतु कहा गया, उसकी पत्नी के द्वारा सब्जी बनाने से मना करने पर आरोपी के द्वारा आवेश में आकर, अपनी पत्नी के साथ हाथ मुक्के व लात से मारपीट की गई, जिससे उसकी पत्नी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस के द्वारा आरोपी के अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

**नर्सिंग कॉलेज व जिला अस्पताल में लगा जागरूकता शिविर**

# 77 हितग्राहियों को हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन की पहली डोज दी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा के मार्गदर्शन में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर शासकीय जीएनएम नर्सिंग कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय, जशपुर में हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य केवल टीकाकरण तक सीमित न रहकर समाज में हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच एवं टीकाकरण को प्रोत्साहित करना तथा इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना था। शिविर के दौरान जीएनएम नर्सिंग कॉलेज की 65 छात्राओं तथा 12 स्वास्थ्य कर्मियों सहित कुल 77 हितग्राहियों को हेपेटाइटिस-बी वैक्सीन का प्रथम डोज लगाया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा हेपेटाइटिस से संबंधित जानकारी साझा करते हुए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा ने बताया कि हेपेटाइटिस यकृत (लीवर) में होने वाली सूजन है, जो मुख्य रूप से वायरस के संक्रमण के कारण होती है। इसके प्रमुख प्रकार हेपेटाइटिस-ए, बीसीडी ⏭ शेष पेज 4 पर

# नेशनल लोक अदालत की सफलता के लिए हुई बैठक

**जशपुरनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में 12 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों के बीच जिला न्यायालय के विडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में फिजिकल, वर्चुवल के माध्यम से बैठक हुई।

बैठक में भानू प्रताप सिंह त्यागी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, बलराम कुमार देवांगन, द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, कुनकुरी, जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) जशपुर, सरोजनी जर्नादन खरे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सुमन सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्वेता बघेल सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र कुमार तेंदुलकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ श्रेणी कुनकुरी, अंकिता यदु न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बगीचा, श्वेता अवस्थी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पत्थलगांव, दिव्या गोयल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, चैताली खांडेकर, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी, पूनम नशीने न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी एवं नेहा तिर्की, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी उपस्थित रहे। राजस्व न्यायालयों में राजस्व अधिकारियों द्वारा राजस्व मामले भू-अर्जन, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य राजस्व मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया जाएगा। ⏭ शेष पेज 4 पर

### सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 646.2 मिमी दर्ज

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से 28 जुलाई 2026 तक 3761.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 28 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 5091.8 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 153.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है- तहसील जशपुर में 358.9 मिमी, मनोरा में 646.2 मिमी, कुनकुरी में 453.1 मिमी, दुलदुला में 297.1 मिमी, फरसाबहार में 217.9 मिमी, बगीचा में 308.9 मिमी, काँसाबेल में 401.1 मिमी, पत्थलगाँव में 393.7 मिमी, सन्ना में 472.8 मिमी एवं बागबहार में 212.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 646.2 मिमी दर्ज की गई है। 28 जुलाई को सर्वाधिक पत्थलगांव तहसील में 37.0 मिमी वर्षा हुई।

# जनप्रतिनिधि संगठन और सरकार के बीच बनें मजबूत सेतु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में जिले के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरगुजा संभाग संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए सरगुजा संभाग संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक जनप्रतिनिधि संगठन की विचारधारा, सेवा और सुशासन का प्रतिनिधि है। जनता ने




भाजपा को विकास और विश्वास के आधार पर जनादेश दिया है, इसलिए प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि वह अपने क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहकर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही भाजपा की राजनीति का मूल उद्देश्य है। पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका सशक्त संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। जनप्रतिनिधियों को संगठन की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करते हुए जनता के बीच अपनी सक्रिय उपस्थिति बनाए रखनी चाहिए। जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, खेल अधोसंरचना, मेडिकल कॉलेज, प्रधानमंत्री आवास सहित अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं पर तेजी से कार्य हो रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि पंचायत और स्थानीय निकाय लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई हैं। गांवों के विकास में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव, अरविंद भगत, प्रभात सिदाम, सुशीला साय, राजकुमार सिंह, शांति भगत, ममता कश्यप, आरती सिंह, गेंदबिहारी सिंह, पिंकी गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, अरविंद गुप्ता, देवधन नायक, मुकेश सोनी सहित जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, नगरपालिका एवं ग्राम पंचायतों के पार्षद तथा जिले भर के बड़ी संख्या में निर्वाचित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय रग्बी, हैंडबॉल सॉफ्टबॉल कबड्डी प्रतियोगिता





हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

पत्थलगांव में चल रहे जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में मंगलवार की सुबह से सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया सैकड़ों की संख्या में जिले से आये खिलाड़ियों ने अपने अपने केटेगरी में खेल खेला मंगलवार की सुबह सभी आये खिलाड़ियों को रौनियार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता और अघरिया समाज के कोषाध्यक्ष दुर्गा नायक ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाया उन्हें अच्छा खेल खेलने और खेल नियमो का पालन कर अपनी प्रतिभा को दिखाने कहा दिन भर चले खेल में रग्बी खेल में 14 वर्ष बालक के विजेता बना पत्थलगांव हैंडबॉल 14 वर्ष बालिका में विजेता कुनकुरी की टीम बनी सॉफ्टबॉल 17 वर्ष बालक, बालिका में पत्थलगांव ने मारी बाजी कबड्डी 17 वर्ष बालक जशपुर की टीम बनी विजेता उपविजेता पत्थलगांव, की टीम रही, कबड्डी में बालिका 17 वर्ष में विजेता, और उपविजेता कुनकुरी की टीम रही। इस पूरे खेल को सम्पन्न कराने में जिले से आये सभी पीटीआइ ने खेल भावना के साथ पूरे प्रतियोगिता को सम्पन्न कराया साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था नगरपालिका के द्वारा की गई थी।

### प्रेमचंद लिखित पंच परमेश्वर नाटक का मंचन

**जशपुरनगर।** हिंदी साहित्य के महान कथाकार एवं उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की याद में विकासखंड मनोरा में एक विशेष सांस्कृतिक व साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में, शिक्षा विभाग तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन मनोरा के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय शिक्षकों द्वारा मुंशी प्रेमचंद की सुप्रसिद्ध कहानी 'पंच परमेश्वर' का जीवंत नाट्य मंचन किया जाएगा।यह आयोजन 29 जुलाई को शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निकट सामुदायिक भवन मनोरा हॉल में संपन्न होगा। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक आशुतोष शर्मा एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की टीम ने क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध नागरिकों, साहित्यकारों शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से इस नाट्य मंचन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



मामले की शिकायत करते प्रार्थी।

# फर्जी फौती नामांतरण की थाने में शिकायत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

ग्राम पंचायत कछार में कथित फर्जी फौती नामांतरण का मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि मृतक मीनू चौहान के नाम पर पंचायत का कथित फर्जी प्रस्ताव तैयार कर राजस्व रिकॉर्ड में नामांतरण कराया गया और बाद में उसी आधार पर भूमि की रजिस्ट्री भी कर दी गई।

मामले की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) बिसेन और थाना प्रभारी विनीत पांडे से करते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम पंचायत कछार स्थित भूमि के लिए 5 जून को पंचायत का प्रस्ताव तैयार दिखाया गया। आरोप है कि यह प्रस्ताव वास्तविक ग्रामसभा की कार्यवाही के अनुरूप नहीं है और इसमें सावित्री चौहान के दस्तावेजों का आधार बनाकर फौती नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई। शिकायतकर्ता का दावा है कि जिस पंचायत प्रस्ताव के आधार पर नामांतरण किया गया, उस प्रस्ताव पंजी पर सरपंच और संबंधित पंचों के वास्तविक हस्ताक्षर नहीं हैं। आरोप है कि पंचायत की बैठक आयोजित किए बिना ही प्रस्ताव तैयार कर दिया गया, जिससे पूरे मामले में फर्जीवाड़े की आशंका गहरा गई है। दस्तावेजों की जांच की मांग शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत की मूल प्रस्ताव पंजी, बैठक कार्यवाही, सरपंच-सचिव के हस्ताक्षर, राजस्व अभिलेख और अन्य संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### मिली है शिकायत

शिकायत प्राप्त हुई है। जिसमे जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**-विनीत पांडे,** थाना प्रभारी

**लक्ष्मीजी को रसगुल्ला अर्पित कर निभाई गई परंपरा, शामिल हुईं कौशल्या साय**

# दोकड़ा में नीलाद्री विजय के साथ महाप्रभु का गर्भगृह में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- 1942 से चली आ रही ऐतिहासिक रथयात्रा का समापन

जिले के विकासखंड कांसाबेल स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में आयोजित श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का समापन सोमवार को नीलाद्री विजय की पावन परंपरा के साथ श्रद्धा, भक्ति और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा विधि-विधान के साथ रथ से पुनः श्री मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हुए। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रभु के दिव्य दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की।





नीलाद्री विजय के अवसर पर श्री मंदिर के गजपति महाराज एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना कर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। नीलाद्री विजय की सबसे महत्वपूर्ण परंपरा के तहत भगवान श्री जगन्नाथ माता लक्ष्मी को मनाने के लिए रसगुल्ला लेकर पहुंचे। भगवान द्वारा माता लक्ष्मी को रसगुल्ला अर्पित करने की यह सदियों पुरानी परंपरा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस भावपूर्ण अनुष्ठान के साथ महाप्रभु का पुनः गर्भगृह में प्रवेश कराया गया।मंदिर समिति द्वारा महाप्रसाद वितरण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। समापन समारोह में आयोजित ओड़िया भजन संध्या ने पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। मधुर ⏭ शेष पेज 4 पर



# चौहान में नजर आएंगे विक्रांत, अजय को देंगे टक्कर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म 'चौहान' बीते दिनों अपनी पहली झलक के साथ ही काफी चर्चा में रही थी। इसे दर्शकों ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्यार दिया था। वहीं अब ये फिल्म एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। दरअसल, अब इसमें अभिनेता विक्रांत मैसी की एंट्री की खबरें हैं जो दर्शकों का दिल अपनी शानदार फिल्म '12वीं फेल' से जीत चुके हैं। सूत्र ने बताया कि आनंद एल राय ने अजय की चौहान के लिए एक ग्रे शेड वाले किरदार में विक्रांत को साइन किया है। फिल्म में विक्रांत मैसी सुपरस्टार अजय देवगन से टक्कर लेते हुए नजर आएंगे।

लाइफ Style



# भूमि
## छत्रपति शिवाजी महाराज में हुई एंट्री

एजेंसी ⏭ मुंबई

साल 2022 में कांतारा और 2025 में कांतारा चैप्टर 1 से तहलका मचाने वाले दक्षिण भारतीय अभिनेता ऋषभ शेट्टी अपनी अगली फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। 'द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज'के नाम से रिलीज होने वाली इस फिल्म में ऋषभ, शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे।

अब इस फिल्म से जुड़ एक नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की भी एंट्री हो गई है। सोमवार को मेकर्स ने इसकी घोषणा की। फिल्म में भूमि पेडनेकर वॉरियर क्वीन बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी। मल्लम्मा एक निडर योद्धा रानी थीं, जिन्हें उनकी बहादुरी और अटूट जज्बे के लिए याद किया जाता है। बेलवाड़ी मल्लम्मा ने देश की पहली महिला सैनिक टुकड़ी का गठन किया था। ऐसा करने वाली वह पहली रानी थीं। कहा जाता है कि वो अपने चार माह के बेटे को गोद में लेकर शिवाजी महाराज की सेना से युद्ध लड़ी थीं। स्टार कास्ट : ऋषभ शेट्टी, भूमि पेडनेकर, शेफाली शाह, अर्जुन रामपाल और विवेक ओबेराय। निर्देशक और निर्माता : संदीप सिंह। बजट : 500 करोड़ से ज्यादा के बजट में दो भाग बनाए जाएंगे। अगले साल जनवरी तक पहला भाग रिलीज किया जा सकता है। क्रू : इंटरनेशनल एक्शन को-ऑडिनेटर्स, जो गेम ऑफ थ्रोल और द विचर में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कंपोजर अमित त्रिवेदी फिल्म को म्यूजिक देंगे वहीं गीत प्रसून जोशी लिखेगे। फिल्म की कहानी ऋषि विरमानी ने लिखी है, जिसे मेकर्स दो भागों में रिलीज करेंगे।

## हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर-मैन ... 30 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** कुछ ही दिनों में स्पाइडर-मैनः ब्रैंड न्यू डे सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है और फैंस के बीच उत्साह अपने चरम पर है। स्पाइडर-मैनः नो वे होम की भावुक घटनाओं के बाद टॉम हॉलैंड (एक बार फिर अपने लोकप्रिय किरदार पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। यह फिल्म पीटर पार्कर की जिंदगी के एक बिल्कुल नए अध्याय की शुरुआत करेगी। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया स्पाइडर-मैनः ब्रैंड न्यू डे को 30 जुलाई को भारतभर के सिनेमाघरों में रिलीज करेगी।



# मैडोना का लंदन वाला पुराना घर किराए पर उपलब्ध...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपने नए गानों को लेकर चर्चा में रहने वाली मशहूर पॉप सिंगर मैडोना का एक पुराना घर इन दिनों फिर सुर्खियों में है। लंदन के साउथ केंसिंग्टन इलाके में स्थित यह शानदार घर अब किराए के लिए उपलब्ध है। खास बात यह है कि कभी यह घर कभी मैडोना और उनके एक्स हसबैंड फिल्म निर्देशक गाय रिची का आशियाना हुआ करता था। इस घर की पहचान सिर्फ मैडोना से ही नहीं जुड़ी है। साल 2004 में आई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'लेयर केक' की शूटिंग भी यहां हुई थी। फिल्म में डैनियल क्रेग के किरदार का लंदन वाला घर इसी प्रॉपर्टी को बनाया गया था। यह वही फिल्म थी, जिसके बाद डैनियल क्रेग को जेम्स बॉन्ड की भूमिका मिलने का रास्ता खुला। क्वीन्स गेट म्यूज़ में बना यह दो बेडरूम वाला घर बाहर से बेहद साधारण दिखाई देता है।



# मां को समर्पित किया बंटवारा 1947 का ट्रेलर

**मुंबई।** सनी देओल इन दिनों फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर मां के साथ फोटो शेयर कर करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है और फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट रिवील की है। उन्होंने केवल मां ही नहीं, बल्कि देश भर की मां को इस फिल्म के ट्रेलर को समर्पित कर दिया। एक्टर ने मां के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मेरी मां ही मेरा रब हैं। मेरा प्यार, मेरा हौसला, मेरी ताकत. बंटवारा 1947 में अपनी मां और दुनिया की हर मां को समर्पित करता हूं।' इसके साथ ही सनी देओल ने पोस्ट के आखिरी में 'बंटवारा 1947' के ट्रेलर रिलीज का भी ऐलान किया और जानकारी दी कि इस फिल्म का ट्रेलर 28 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। 'बंटवारा 1947' की कहानी भारत और पाक के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर बुनी गई है।



# आदर्श कुटुंबम की पहली झलक आई सामने

**नई दिल्ली।** संक्रांति वास्तुनाम की अपार सफलता के बाद अब साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता दग्गुबाती वेंकटेश बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम आदर्श कुटुंबम- हाउस नंबर 47 है। इस फिल्म का पहला टीजर सामने आ गया है, साथ ही मेकर्स की तरफ से फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है, जिससे कहीं न कहीं बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन की बहुचर्चित फिल्म दृश्यम 3 की टेंशन बढ़ सकती है। दग्गुबाती की आदर्श कुटुंबम का डायरेक्सन त्रिविक्रम श्रीनिवास ने किया है, जो बतौर फिल्ममेकर सुपरस्टार महेश बाबू और श्रीलीला स्टारर गुंटूर कारूम की असफलता के 2 साल बाद वापसी कर रहे हैं। आदर्श कुटुंबम में वेंकटेश के अलावा केजीएफ फिल्म फेम अदाकारा श्रीनिधी शेट्टी भी अहम भूमिका में मौजूद हैं।

## टीवी मसाला

# लाफ्टर शेफ के तीसरे सीजन के विनर रहे अली और जन्नत

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर छाए रहने वाला शो लाफ्टर शेफ अब खत्म हो चुका है और इसके साथ ही हमारे पास तीसरे सीजन के विनर्स के नाम भी आ चुके हैं और जैसा कि शुरुआत से ही क्लियर था टीवी स्टार्स अली गोनी और जन्नत जुबैर सबसे ज्यादा स्टार्स के साथ शो के विनर रहे। अली गोनी के कॉन्फिडेंस और जन्नत की सीखने की ललक ने उन्हें एक बेस्ट जोड़ी के तौर पर उभारा और उनका यही बॉन्ड उन्हें कई मुश्किल चैलेंजेस में भी मददगार साबित हुआ। ग्रैंड फिनाले का सेलिब्रेशन कुछ और खास हो गया जब रोहित शेट्टी अपने शो 'खतरों के खिलाड़ी' के कंटेस्टेंट्स के साथ इस शो के सेट पर पहुंचे। इसके कई क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो में विनर बनने को लेकर जब जन्नत से बात की गई तो उन्होंने कहा, लाफ्टर शेफ एक यूनीक शो है जहां केवल एक विनर या एक विनिंग टीम नहीं होती। अली और मैंने ट्रॉफी जरूर उठाई है, लेकिन मुझे लगता है कि इस शो से जुड़ा हर एक शख्स विनर है. हमने साथ में बहुत इंजॉय किया है, हंसे हैं, बहुत कुछ सीखा है, साथ होने का अहसास अपने आप में इस सफर को बहुत खास बनाता है। कलर्स पर टेलीकास्ट होने वाला ये शो ओटीटी प्लैटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर काफी हॉट प्रॉपर्टी रहा है।




## क्योंकि सास भी कभी बहू थी में होगा हंगामा

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस से सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप के ट्विस्ट के बाद नया बवाल होता दिखने वाला है। दरअसल, जब विरानी परिवार दो शादियों की तैयारियों में जुटा है, तभी एक ऐसा चेहरा वापस लौटने वाला है जो सब कुछ बदल सकता है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी में सुवर्णा झा पूरे 18 साल बाद एक बार फिर त्रिप्ती विरानी बनकर लौट रही हैं। त्रिप्ती वही किरदार है जिसने कभी अपने अंदाज, चालाकी और फैसलों से पूरे विरानी परिवार की जिंदगी बदल दी थी। अब उनकी वापसी के साथ एक बार फिर दर्शकों को त्रिप्ती और तुलसी की सबसे यादगार टक्कर देखने को मिलेगी। ऐसे में परिवार के पुराने रिश्ते फिर से कसौटी पर होंगे और कहानी एक नए मोड़ की ओर बढ़ेगी। सुवर्णा झा ने कहा, 18 साल बाद एक बार फिर त्रिप्ती का किरदार निभाना मेरे लिए किसी सपने जैसा है। इस वापसी के साथ जितनी खुशी है, उतनी ही घबराहट भी, क्योंकि दर्शक आज भी मुझे त्रिप्ती के रूप में याद करते हैं, न कि आज की सुवर्णा के रूप में।



# न सुर, न ताल, फिर भी शादियों की शान है 15 साल पुराना गाना

**नई दिल्ली।** जब कोई गाना बनता है तो उसके पीछे गायक, गीतकार और संगीतकार का होता है। गीतकार, गाने के बोल लिखता है, संगीतकार धुनें बनाता है और गायक उसे अपनी आवाज में इसे लोगों के दिलों में उतारता है। यूं तो बिना किसी गायक के, कोई गाना बन नहीं सकता है, लेकिन 15 साल पहले यह मुमकिन हुआ था। जी हां, 15 साल पहले एक गाना बना था, जिसमें किसी गायक ने आवाज नहीं दी थी। फिर भी कल्ट गाना आज हर किसी की जुबां पर रहता है। इस गाने को शादी-पार्टी में लूप पर बजाया जाता और कमर लचकाई जाती है। भले ही इस गीत को बने डेढ़ दशक हो गया लेकिन क्रेज खत्म नहीं हुआ।

***शादी-पार्टी में खूब बजता है गाना :*** यह गीत कोई और नहीं, फिल्म देव डी का 'इमोशनल अत्याचार' है। इस गाने को ब्रास बैंड वर्जन में तैयार किया गया था। इस गाने को जिसने गाया था, उन्होंने डर के मारे एक फिक्शनल नाम इस्तेमाल किया था, ताकि लोगों को पता न चल सके कि आवाज के पीछे कौन है।



***अनुराग ने दिया था आइडिया :*** जी हां, उन्होंने खुलासा किया था कि इस गीत को आखिर किसने आवाज दी थी। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस गीत को किसी और नहीं ने नहीं, बल्कि गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य और संगीतकार अमित त्रिवेदी ने गाया था। अमित त्रिवेदी ने इस बारे में बताता था- अनुराग कश्यप चाहते थे कि गाना एक खास तरह का हो। यह उनका विजन था। 'इमोशनल अत्याचार' शब्द उन्हीं का था और इसे शादी में बजने वाले ब्रास बैंड स्टाइल में करने का आइडिया भी उन्हीं का था। मैंने बस उनके विजन और प्लान को हकीकत में बदला। जब अमिताभ और मैं यह गाना बना रहे थे तो हमने सोचा कि अनुराग को यह दिखाने के लिए कि हम क्या कर रहे हैं, पहले हम खुद ही यह गाना गाएंगे।

# भोजपुरी बवाल से चिन्ना चिन्ना आसई तक
## इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में 'द ओडिसी' का हल्ला है। विजय की 'जन नायकन' (हिंदी में 'जन नेता') भी है। इसके अलावा कई और फिल्मों के विकल्प हैं। वहीं, इस वीक हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' से लेकर बॉलीवुड की 'आवारापन 2' तक रिलीज हो रही हैं। हर तरफ एंटरटेनमेंट के शानदार विकल्प हैं। मगर, सोमवार से शुरू हुए इस नए सप्ताह में ओटीटी पर भी कई खास देखने को मिलेगा।

***द लीजेंड ऑफ कर्ण :*** यह महाभारत के योद्धा कर्ण के जीवन पर बनी एक एनिमेटेड वेब सीरीज है। यह सीरीज 31 जुलाई को दस्तक देगी। 'द लीजेंड ऑफ कर्ण' को रद देवराजन और जीवन जे कांग ने बनाया है। इस सीरीज में महाभारत के वीर योद्धा कर्ण के जन्म, संघर्ष और महान धनुर्धर बनने की गाथा दिखाई जाएगी। पौराणिक विषय पर बनी सीरीज सोनीलीव पर स्ट्रीम होगी।

***हार्ट बीट सीजन 3 :*** चर्चित तमिल मेडिकल ड्रामा वेब सीरीज का तीसरा पार्ट भी इस वीक रिलीज की कतार में है। 'हार्ट बीट सीजन 3' सीरीज 30 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के इस सीजन में रीना 'रीना 2.0' के रूप में नजर आएगी। यह सीजन रीना की जिंदगी और उसके एएम हॉस्पिटल में जाने की कहानी पर आधारित है। इसमें नए इंटर्न, रोमांस और अस्पताल की राजनीति को दिखाया जाएगा।







***द डेविल वियर्स प्राडा 2 :*** यह अमेरिकी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। डेविड फ्रैंकल निर्देशित यह फिल्म 29 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें एनी हैथवे, मेरिल स्ट्रीप, स्टेनली टोक्सी और सिमोन ऐश्ली जैसे सितारे हैं।

***चिन्ना चिन्ना आसाई :*** यह मलयालम ड्रामा फिल्म है। यह 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर आने वाली है। चिन्ना चिन्ना आसाई 28 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**भोजपुरी बवाल :** इस वीक ओटीटी पर बवाल होने जा रहा है। दरअसल, शो 'भोजपुरी बवाल' शुरू हो रहा है। यह नया भोजपुरी रियलिटी एंटरटेनमेंट शो है, जिसमें पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे मुख्य कलाकार हैं। शो 2 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

## 1973 में हुई थी रिलीज, गाने हुए थे काफी पॉपुलर
# एक थियेटर में 590 दिन तक चली थी अमिताभ की ये फ्लॉप फिल्म

***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन और जया बच्चन कुछ गिनती की ही फिल्मों में साथ नजर आए हैं। इनमें गुड्डी, चुपके चुपके, सिलसिला, शोले...कुछ और नाम शामिल हैं। आप कह रहे होंगे ये तो बड़ी ही चर्चित फिल्में रही हैं। इन्हीं में से एक थी अभिमान। ये फिल्म भारत में तो खास नहीं चली, लेकिन इसके गाने काफी पॉपुलर हुए थे। इनमें तेरे मेरे मिलन की ये रैना, पिया बिना बिना जैसे क्लासिक शामिल हैं। 27 जुलाई 1973 को रिलीज हुई इस फिल्म को रिलीज हुए 53 साल हो गए हैं। 53 साल पहले आई ये फिल्म भारत में अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के लिए नुकसान का सौदा साबित हुई थी। क्योंकि, दोनों ने इसमें इन्वेस्टमेंट की थी और रिटर्न के नाम पर नुकसान ही मिला था। इस फिल्म को एएमआईवीए नाम के प्रोडक्शन हाउस तले रिलीज किया गया था। एएमआई मतलब अमिताभ और वीए मतलब जया। जाहिर है इस प्रोजेक्ट से काफी उम्मीदें थीं लेकिन नतीजे वैसे नहीं रहे।*



### भारत में फ्लॉप और विदेश में सुपर हिट

अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी का करिश्मा भारत में नहीं चल पाया, लेकिन श्रीलंका में हल्ला बोल गया। ये फिल्म वहां बड़ी हिट साबित हुई और आपका जानकर हैरानी होगी कि कोलंबो के एम्पायर सिनेमा में ये फिल्म 590 दिन तक चली थी। इस लंबी पारी से आप वहां अमिताभ बच्चन की फैन फॉलोइंग का अंदाजा लगा सकते हैं। जिस फिल्म को भारत में पसंद नहीं किया गया वह श्रीलंका में दर्शकों की पहली पसंद बनी। इस फिल्म से जुड़ा एक और दिलचस्प फैक्ट ये है कि पहले इसे 'राग रागिनी' नाम दिया रहा था, लेकिन बाद में अभिमान ही फाइनल किया गया।

### किशोर कुमार की जिंदगी से इंस्पायर्ड थी फिल्म!

फिल्म मेकर ऋषिकेश मुखर्जी ने एक बार कहा था कि ये फिल्म किशोर कुमार और उनकी पत्नी रूमा गुहा ठाकुर्ता के टूटते रिश्ते से प्रेरित थी। इसके अलावा इस फिल्म को 'ए स्टार इज बॉर्न' का रीमेक भी बताया जाता है। बता दें जिस वक्त इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई उस वक्त जया भादुड़ी टॉप एक्ट्रेस हुआ करती थीं और जबतक फिल्म पूरी हुई अमिताभ बच्चन।

## खबर संक्षेप

### कल्याणपुर-दतिमा स्थित जर्जर सड़क को लेकर भाजयुमो नेता ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** कल्याणपुर से दतिमा मार्ग की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में बढ़ती नाराजगी को लेकर आज भाजयुमो के प्रदेश खेल एवं कला प्रमुख रविन्द्र भारती ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है,कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में भाजयुमो के प्रदेश खेल एवं कला प्रमुख रविंद्र भारती ने उल्लेख किया है कि कल्याणपुर-दतिमा मार्ग की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे होने से आमजन को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही भारी वाहनों की आवाजाही से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। श्री भारती ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस महत्वपूर्ण सड़क की जर्जर हालत, बढ़ते सड़क हादसों और भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। उल्लेख किया गया है कि कल्याणपुर-दतिमा मार्ग से प्रतिदिन गिट्टी और कोयले से लदे भारी वाहन बड़ी संख्या में गुजरते हैं। इन वाहनों के लगातार आवागमन से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। रविंद्र भारती ने कहा कि भारी वाहनों की वजह से सड़क पर उड़ने वाली धूल से आसपास के गांवों के लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को सांस संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किया जाए, ताकि कल्याणपुर-दतिमा मार्ग पर दबाव कम हो सके। साथ ही बिना वैध अनुमति के इस मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उनके आवागमन पर रोक लगाई जानी चाहिए।

### नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर कांग्रेस ने निकला विजय मार्च



**बिश्रामपुर।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में चले आंदोलन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी सूरजपुर की अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में ग्राम संजयनगर-महावीरपुर में विजय मार्च निकाला गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे देश के छात्रों, युवाओं और कांग्रेस के संघर्ष की बड़ी जीत बताते हुए एकजुटता का प्रदर्शन किया। विजय मार्च में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा और कांग्रेस के झंडे लेकर गांव की प्रमुख सड़कों पर रैली निकाली तथा युवाओं के हितों और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर नारे लगाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि नीट पेपर लीक ने देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। इस मुद्दे को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों ने व्यापक आंदोलन किया था, जिसमें देशभर से युवाओं ने भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद की। इसके बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस मुद्दे को मजबूती से उठाया और प्रधानमंत्री आवास के घेराव सहित लगातार सरकार पर दबाव बनाया।छात्रों और युवाओं के संघर्ष तथा राहुल गांधी के नेतृत्व में चले आंदोलन के कारण केंद्र सरकार को आखिरकार झुकना पड़ा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेना पड़ा। उन्होंने विजय मार्च के दौरान कहा कि यह किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि देश के उन लाखों मेहनती छात्रों की जीत है, जिन्होंने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और न्याय की मांग को लेकर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आगे भी युवाओं के अधिकारों, रोजगार, शिक्षा और निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था के मुद्दों पर लगातार आवाज उठाती रहेगी। विजय मार्च के दौरान संजय डोसी, वेद प्रकाश मिश्र, बबीता गुप्ता, लिली राजवाड़े, कंवल बिहारी सिंह टेकाम, प्रेम राजवाड़े, सुनील सारथी, संजीत यादव, अभिषेक श्रीवास्तव, विनय गुप्ता, तपन सिकदार, राहुल सिंह, अभय लकड़ा, गोविंदा पावले, विक्की वैष्णव, अभिषेक चौधरी, लतीफ अंसारी, आनंदी लकड़ा, सीमा पैक व अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष व ननि नेता प्रतिपक्ष ने की कलेक्टर से मुलाकत, सौंपा ज्ञापन

# लापरवाही के कारण शहर के वार्डों में नहीं मिल रहा स्वच्छ और पर्याप्त पानी



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस जिलाध्यक्ष, ननि नेता प्रतिपक्ष एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कई दिनों से वार्डों में गंदा पानी मिलने की शिकायत

नगर निगम क्षेत्र में पेयजल संकट, बदहाल सफाई व्यवस्था, बंद स्ट्रीट लाइट और जर्जर सड़कों को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को जिला कलेक्टर से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक एवं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में तत्काल सुधार तथा लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन सौंपने से पूर्व कांग्रेस पार्षदों ने शहर को पेयजल उपलब्ध कराने वाले तकिया एवं कतकालो फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में दोनों प्लांट अपनी निर्धारित क्षमता से काफी कम जल शोधन करते पाए गए। साथ ही मड पंप लंबे समय से खराब, छह क्लैरिफ्लोकुलेटरों में से तीन बंद, फिल्टर बेड की नियमित सफाई नहीं होने, एलम (फिटकरी) की कमी तथा आवश्यक तकनीकी कर्मचारियों के अभाव जैसी गंभीर खामियां सामने आईं। कांग्रेस का आरोप है कि इन लापरवाहियों के कारण शहर के अनेक वार्डों में पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि नगर निगम प्रशासन लगातार बिजली कटौती को जल संकट का कारण बताता रहा, लेकिन निरीक्षण में स्पष्ट हो गया कि समस्या का मुख्य कारण फिल्टर प्लांटों का खराब रखरखाव, संसाधनों की कमी और प्रशासनिक लापरवाही है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते आवश्यक सुधार किए गए होते तो शहरवासियों को पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ता। ज्ञापन में कांग्रेस ने यह भी कहा कि अम्बिकापुर की स्वच्छता व्यवस्था कभी पूरे देश के लिए मिसाल रही है, लेकिन पिछले डेढ़ वर्षों में सफाई व्यवस्था लगातार बिगड़ी है। कई वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने से नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन से पूर्व की तरह सफाई व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि शहर की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, कई सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं तथा जिन सड़कों के निर्माण के टेंडर लगभग छह माह पहले हो चुके हैं, उनका कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ है। इससे आम नागरिकों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से फिल्टर प्लांटों की तकनीकी जांच कराने, बंद उपकरणों की तत्काल मरम्मत, पर्याप्त तकनीकी स्टाफ एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति बहाल करने, सफाई व्यवस्था में सुधार, बंद स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने, जर्जर सड़कों की मरम्मत कराने तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। कांग्रेस ने कहा कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो जनहित में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, पार्षद हसन खान, पापिन्दर सिंह, मो बाबर, मो अख्तर चम्मा, शुभम जायसवाल, जेनेविवा कुजूर, लूकस एक्का, मंडल अध्यक्ष अमित सिन्हा, बालकेश्वर तिर्की शामिल थे।

### मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस, विपक्षी लगा रहे निराधार आरोप : महापौर

ननि नेता प्रतिपक्ष और विपक्षी पार्षदों द्वारा शहर में पानी की किल्लत और दूषित पेयजल सप्लाई को लेकर तकिया और कतकालो फिल्टर प्लांट का निरीक्षण करने और के साथ निगम की सरकार और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाया गया। अब इस मामले में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत का भी बयान आया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पार्षदों और नेता प्रतिपक्ष का आरोप पूर्ण रूप से निराधार है। हमारी सरकार में तकिया फिल्टर प्लांट से पूरे 17 एमएलडी पानी की सप्लाई के लिए ग्रेविटी पाइप लाइन के विस्तार का कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए शासन से 9 करोड़ 20 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर भी हो चुका है। टंकी के निर्माण का कार्य भी चल रहा है। गर्मी से पहले पानी की किल्लत की समस्या को दूर कर लिया जाएगा। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा हुआ है। कांग्रेस के कार्यकाल में अमृत मिशन के तहत कार्य हुआ लेकिन इसमें भी एक एरिया में विशेष रूप से फोकस कर पाइप लाइन बिछाया गया। मुद्दाविहीन हो चुकी कांग्रेस के पास सिर्फ आरोप लगाने का काम बचा हुआ है। बारिश के समय हल्का मटमैला पानी जाता है यह सभी जानते है, इस पानी को भी जांच के बाद ही सप्लाई किया जाता है। कांग्रेस के सभी आरोप निराधार है।

- कराया जा रहा है ग्रैविटी पाइप लाइन का कार्य, पानी की समस्या से मिलेगी मुक्ति





## करंजवार में दंतैल का तांडव, सड़क पर घंटों थमा रहा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- खेत में घुसकर धान की फसल रौंदी
- सड़क के बीचों-बीच डटा रहा गजराज

प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य सड़क मार्ग से महज करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम करंजवार के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक दंतैल सड़क किनारे खेतों में पहुंच गया। हाथी की मौजूदगी से सड़क से गुजर रहे ग्रामीणों और राहगीरों में भय का माहौल निर्मित हो गया। स्थिति ऐसी रही कि कई घंटे तक लोगों ने सड़क से आवागमन करने से परहेज किया और राहगीरों के कदम थम गए।

बताया जा रहा है कि दंतैल हाथी खेत में घुसकर वहां लगी धान की फसल को रौंदता रहा। इसके बाद वह कभी सड़क के किनारे तो कभी सड़क पर आकर खड़ा हो जाता था। हाथी के सड़क पर पहुंचने से दोनों ओर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर हाथी को देखने के लिए मौके पर पहुंच गए, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई। प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर हाथी की मौजूदगी के कारण राहगीरों में दहशत फैल गई। पैदल आने-जाने वाले लोगों ने भी दूरी बनाए रखी। वाहन चालक भी हाथी के सड़क से हटने का इंतजार करते नजर आए। नगर के बेहद करीब हाथी के पहुंचने की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार यह नर दंतैल काफी बड़े आकार का है और इसके आक्रामक व्यवहार को लेकर क्षेत्र में पहले से भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस हाथी के कारण पूर्व में भी जनहानि की घटनाएं हो चुकी हैं। हालांकि ग्रामीणों के आरोप की आधिकारिक पुष्टि वन विभाग से होना बाकी है। फिलहाल क्षेत्र में हाथी की गतिविधियों पर वन विभाग की नजर बनाए हुए है और लोगों को हाथी के करीब नहीं जाने तथा हाथी से छेड़छाड़ करने की हिदायत देते रहे।

### वन विभाग की टीम ने संभाला मोर्चा

घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को हाथी से दूर रहने की हिदायत दी। काफी मशक्कत के बाद वन अमले ने हाथी को सड़क और आबादी वाले क्षेत्र से दूर जंगल की ओर खदेड़ने में सफलता हासिल की। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली और आवागमन बहाल हो सका।

### हाथी देखने उमड़ी भीड़

नगर के समीप दंतैल के पहुंच जाने से बड़ी संख्या में लोग हाथी देखने पहुंच गए। चिंताजनक स्थिति यह रही कि लोग हाथी के बेहद करीब जाकर उसे देखने और फोटो-वीडियो बनाने का प्रयास करने लगे। ऐसे में किसी भी समय गंभीर हादसे का कारण बन सकता था। वन विभाग ने लोगों से हाथी से पर्याप्त दूरी बनाए रखने, उसके साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं करने और भीड़ न लगाने कहते रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि हाथी का व्यवहार अचानक बदल सकता है और लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। प्रतापपुर के नजदीक दंतैल हाथी की मौजूदगी ने एक बार फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष और वन क्षेत्रों से लगे गांवों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## संत रविदास की 650वीं जयंती को भव्य बनाने भाजपा की तैयारी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारतीय जनता पार्टी सरगुजा द्वारा स्थानीय राजमोहिनी सभागार में संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं हर घर तिरंगा एवं गुरु पूर्णिमा की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संत रविदास के सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश एवं जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा पदाधिकारियों ने तिरंगा फहरा कर हर घर तिरंगा अभियान का संदेश दिया।

कार्यक्रम को मुख्य वक्ता पत्थलगांव विधायक गोमती साय, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, संभाग प्रभारी अवधेश चंदेल, जिला सह प्रभारी सुनील गुप्ता, जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, महापौर मंजूषा भगत, बस्तर संभाग सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता गोमती साय ने कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और बंधुत्व का जीवंत संदेश है। उन्होंने समाज को ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वाराणसी में संत रविदास का भव्य स्मारक आकार ले रहा है, जो उनकी अमूल्य विरासत को संरक्षित करने का ऐतिहासिक प्रयास है। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने सदियों पहले थे। उन्होंने श्रम की गरिमा, समानता और मानवीय मूल्यों को सर्वोच्च स्थान दिया। संभाग प्रभारी अवधेश चंदेल ने कहा कि यह अभियान केवल जयंती मनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि संत रविदास के विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग और प्रत्येक घर तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक जिम्मेदारियां दी जा रही हैं तथा वाराणसी से आने वाली पवित्र माटी एवं जल के स्वागत से लेकर देवस्थलों तक पहुंचाने की पूरी कार्ययोजना तैयार की गई है। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा संत रविदास के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक मंडल एवं बूथ पर सामाजिक समरसता और सेवा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक संदेश का प्रसार हो। बस्तर संभाग सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा ने कहा कि संत रविदास भारतीय संस्कृति और संत परंपरा के ऐसे महान व्यक्तित्व हैं, जिनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देते हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री अरुणा सिंह, प्रदेश प्रवक्ता एवं पैनलिस्ट संतोष दास, विद्यानंद मिश्रा, निश्चल प्रताप सिंह, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी , मधुसूदन शुक्ला , फूलेश्वरी सिंह, मधु चौदाहा, वैभव सिंह देव, जन्मेजय मिश्रा, अजय प्रताप सिंह, करताराम गुप्ता , निलेश सिंह , रूपेश दुबे, अनिल अग्रवाल मनोज गुप्ता, मनोज कंसारी, शुभांगी बिहाड़े, अखण्ड विधायक सिंह, सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विक्षिप्त की हत्या कर शव को जंगल में किया दफन, दो गिरफ्तार

- बलरामपुर चांदो थाना क्षेत्र का मामला, मृतक की नहीं हुई पहचान

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के चांदो थाना क्षेत्र में एक विक्षिप्त की हत्या कर शव को जंगल में दफ़न करने का मामला सामने आया है। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है इसके साथ ही अन्य आरोपी की तलाश जारी है। इसके साथ ही पुलिस मृतक की पहचान भी करने का प्रयास कर रही है।

बताया जा रहा है कि चांदो पुलिस को ग्राम कुरडीह पियार टोली निवासी 28 वर्षीय गया यादव आ. नंदकेश्वर यादव ने सूचना दी थी कि एक अज्ञात मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति पिछले तीन दिनों से गांव व आस पास के क्षेत्र में घूम रहा था। इस दौरान विक्षिप्त गांव के राजेश कोरवा के घर में गलत नियत से घुस गया था। इस दौरान राजेश कोरवा और राजू कोरवा एवं एक अन्य ने मिलकर विक्षिप्त की लाठी डंडे से पिटाई की और मारते हुए जंगल की ओर ले गए। आरोपियों ने मिलकर विक्षिप्त की हत्या कर दी और साक्ष्य छिपाने के लिए मृतक के शव को जंगल पहाड़ में ले जा कर दफन कर दिए हैं। सूचना के बाद चांदो थाना और गणेश मोड़ चौकी पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों चांदो जोड़ा डूमर निवासी 32 वर्षीय राजेश कोरवा आ. बैलास कोरवा, पियार टोली निवासी 39 वर्षीय राजू कोरवा आ. शिवचंद कोरवा को बीएनएस की धारा 103(1), 238,3,5 के तहत गिरफ्तार कर लिया है और आरोपियों की तलाश चल रही है। इसके साथ ही पुलिस फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।



### राष्ट्रीय राजमार्ग में दुर्घटना ट्रक के सामान ले उड़े चोर

**सेदम।** राष्ट्रीय राजमार्ग 43 नदी पार हाई स्कूल के समीप मुख्य मार्ग पर शुक्रवार रात 11.30 बजे सड़क पर खड़े ट्रेलर के साथ कोयला लोड ट्रक टकराने से ट्रक के परखच्चे उड़ गए। घटना बाद ट्रेलर को चालक लेकर भाग गया वहीं इस घटना में खलासी को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था जिसका अब शहडोल में इलाज जारी है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 बतौली नदी पार हाई स्कूल के समीप मुख्य सड़क में अज्ञात ट्रेलर खड़ा कर चालक किराना दुकान से समान ले रहा था जहां अंधेरा होने और सामने से आ रहे ट्रक के लाइट की वजह से कोयला लोड ट्रक क्रमांक सीजी 10 बी यू 7792 का टक्कर हो गया। वाहन में बैठा शहडोल निवासी 20 वर्षीय शिवा का सिर सहित शरीर में गंभीर चोटें आई जबकि चालक गौरी शंकर चतुर्वेदी आ. कृष्णा चतुर्वेदी बाल बाल बच गया। घटना के बाद खलासी का इलाज कराने अंबिकापुर ले कर चला गया। इधर बतौली पुलिस दुर्घटना कारित ट्रक को साइड में लगवा दिया था। इसके बावजूद नदी पार रिहायशी इलाके में खड़े ट्रक के 2 बैटरी,जैक ,व्हील पाना,5 लीटर का गैस टंकी, साउंड सिस्टम सहित लगभग 130 लीटर डीजल की चोरी हो गई।

## समरसता संकल्प कार्यशाला में शामिल हुए विधायक टोप्पो

**सीतापुर।** भाजपा संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर देशभर में समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में बलरामपुर जिले में आयोजित कार्यशाला में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो को संगठन द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम थे। इस दौरान विधायक श्री टोप्पो ने कहा कि संत गुरु रविदास जी का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता, भेद-भाव, ऊंच-नीच, छुआ-छूत जैसे असमानता को खत्म करना एवं सेवा, आध्यात्मिक चेतना और मानव कल्याण का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने समाज को एकजुट करने, जागरूक बनाने तथा अपनी संस्कृति, धर्म और सेवा की भावना को निरंतर सुदृढ़ करने का संदेश दिया।




## एटक कार्यालय में महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यशाला

- 4 लेबर कोड बिल और कार्यस्थल पर सुरक्षा अधिकारों को लेकर महिला कर्मचारीयों को किया गया जागरूक




**बिश्रामपुर।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के क्षेत्रीय कार्यालय में बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत महिला कर्मचारियों का सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिला कोल कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए संगठन की मजबूती का संकल्प उठाया।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिला संगठन का सशक्तिकरण करना, कार्यक्षेत्र में महिला साथियों को आने वाली रोजमर्रा की कठिनाइयों व चुनौतियों से जूझने के व्यावहारिक तरीके सिखाना तथा नए 4 लेबर कोड बिल के लागू होने के पश्चात महिलाओं के प्रति कानून में आए बड़े बदलावों और अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत व्हीसी जैन के स्वागत भाषण के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय उप महासचिव एवं कंपनी वेलफेयर बोर्ड मेंबर राजेश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल द्वारा की गई। अन्य अतिथियों में वरिष्ठ महिला पदाधिकारी भारती सिंह मंच पर उपस्थित रहीं। मंच का संचालन श्रीमती रूबी मिश्रा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि राजेश शर्मा ने कहा कि संगठन की असली ताकत हमारी महिला साथी हैं। उन्होंने नए 4 लेबर कोड बिल के बाद महिलाओं को मिलने वाले कानूनी अधिकारों, सुरक्षा मानकों और कार्यस्थल पर उनकी अनिवार्य सहूलियतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्रीमती भारती सिंह ने कार्यस्थल पर महिलाओं को आने वाली मानसिक व शारीरिक बाधाओं पर बात की और उनसे निपटने के लिए पॉश एक्ट व अन्य कानूनी सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने साफ किया कि अब नए नियमों के तहत नाइट शिफ्ट में महिलाओं की सुरक्षा, परिवहन व्यवस्था, बुनियादी सुविधाएं और खदानों में महिलाओं की सुरक्षा व न्यूनतम उपस्थिति को लेकर प्रबंधन को हर हाल में कड़े नियमों का पालन करना होगा। कार्यक्रम में जया कुमारी एवं रंजीत कौर ने भी अपने विचारों से आगंतुकों को बेहद प्रभावित कर महिलाओं को एकजुट रहने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे हीरालाल ने सम्मेलन की सफलता पर सभी को बधाई देते हुए उन्होंने सभी उपस्थित महिला साथियों को विश्वास दिलाया कि संगठन हर महिला कर्मचारी की गरिमा और हक की लड़ाई में हमेशा एक चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। इसके पश्चात उन्होंने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। विश्रामपुर क्षेत्र की महिलाओं की इस उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि आने वाले समय में संगठन के नेतृत्व और निर्णयों में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम होने जा रही है।









## खबर संक्षेप



### महेश ने साथियों सहित सुना मन की बात

**खरसिया।** ग्राम बानीपाथर स्थित बूथ क्रमांक 107 में महेश साहू ने अपने साथियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं प्रधानमंत्री आवास उज्जवला योजना, अन्य योजना हितग्राहियों व आम जनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 136 वाँ एपिसोड श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्व प्रथम कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया। साथ ही युवाओं की नवाचारी सोच, तकनीकी प्रगति, जनभागीदारी तथा राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर विशेष बल दिया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** शादी का झांसा देकर एक 24 वर्षीय युवती का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। कार्रवाई रायगढ़ पुलिस के अभियान संवेदना के तहत की गई। जानकारी के अनुसार 26 जुलाई को पीड़िता ने महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई कि चक्रधरनगर क्षेत्र में काम करने के दौरान उसकी पहचान चाय नाश्ते की दुकान संचालक नरेन्द्र कुमार बारिक उर्फ राजू से हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध बने, जिसके बाद आरोपी ने शादी का वादा कर उसे विश्वास में लिया और साथ रहने लगा। जनवरी से जुलाई 2026 तक आरोपी ने शादी का आश्वासन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब 21 जुलाई को उसने विवाह करने की बात कही तो आरोपी ने साफ तौर पर शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने महिला थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर महिला थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान पीड़िता और गवाहों के बयान दर्ज किए गए तथा आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण कराया गया।

## श्रद्धांजलि

### अनिल राम

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय के भागलपुर आरा मिल स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ एलबी शिक्षक अनिल राम उम्र 40 वर्ष के निधन से पूरे शिक्षा जगत में शोक की लहर है। रविवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उनका निधन हो गया। सोमवार को उनके पैतृक गांव चराईडांड़ में अंतिम संस्कार किया गया। मंगलवार को विद्यालय में शोकसभा आयोजित की गई, जिसमें शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रधान पाठक रूपा सिंह सहित स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



35 प्रतिनिधियों की बैठक में बड़ा फैसला, आठों ब्लॉकों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी आकर्षण

# विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय समारोह अब जशपुर में, तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त का जिला स्तरीय समारोह इस वर्ष जिला मुख्यालय जशपुर में भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को कुडूख उरांव प्रगतिशील समाज भवन, कुनकुरी में सर्व आदिवासी समाज की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 35 प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

पहले यह आयोजन कुनकुरी में प्रस्तावित था, लेकिन व्यापक भागीदारी और बेहतर व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए इसे जशपुर में आयोजित करने का फैसला लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, इतिहास, संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक एकता को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसी उद्देश्य से इस बार समारोह को अधिक व्यापक, व्यवस्थित और यादगार बनाने की तैयारी की जा रही है। बैठक में तय किया गया कि 30 जुलाई तक जिले के सभी आठ विकासखंडों में ब्लॉक स्तरीय बैठकें आयोजित कर स्थानीय समितियों का गठन किया जाएगा और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। इसके बाद 30 जुलाई को जिला स्तरीय कोर समिति की बैठक में सभी ब्लॉकों की तैयारियों की समीक्षा कर अंतिम कार्ययोजना को मंजूरी दी जाएगी। आयोजन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक ब्लॉक में 1 अगस्त तक तीन-तीन बड़े होर्डिंग लगाने का निर्णय लिया गया। होर्डिंग का डिजाइन एवं प्रचार सामग्री जिला स्तरीय समिति उपलब्ध कराएगी, ताकि पूरे जिले में एक समान संदेश के साथ विश्व आदिवासी दिवस का प्रचार किया जा सके।



### पारंपरिक पूजा से होगी शुरुआत

समारोह का शुभारंभ आदिवासी परंपरा के अनुसार बैगा श्री शिव प्रसाद भगत एवं उनके साथियों द्वारा पारंपरिक पूजा-अर्चना से किया जाएगा। इसके बाद पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष अंजना मिंज भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेंगी, जबकि सर्व आदिवासी समाज कुनकुरी के अध्यक्ष श्याम सुंदर मरावी विश्व आदिवासी दिवस की प्रस्तावना प्रस्तुत करेंगे।

# टीबी मुक्त भारत अभियान, कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक 27 जुलाई को आयोजित की गई। उन्होंने विकासखंड एवं नगरीय निकायों लिए नोडल अधिकारियों को 'टीबी मुक्त भारत अभियान का जिले में बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर नोडल अधिकारियों को अपने-अपने आबंटित क्षेत्रों में टीबी उन्मूलन गतिविधियों का नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा है।

**जिले के 444 ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त करने मिशन मोड में किया जाएगा कार्य**

उन्होंने कहा कि टीम सघन जांच व उपचारः स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से घर-घर टीबी मरीजों की पहचान कर समय पर गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। निक्षय मित्र व पोषण योजना के तहत पोषण किट वितरण एवं समाज की भागीदारी बढ़ाने के लिए निक्षय मित्रों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा के द्वारा बताया गया कि प्रति 1,000 की जनसंख्या पर 30 संदेहास्पद मरीजों की 'नाट मशीन' से जांच कराना अनिवार्य है।



जिले की कुल 444 ग्राम पंचायत है सभी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त करने हेतु मिशन मोड में कार्य करना अनिवार्य है। जिला टीबी नोडल अधिकारी के द्वारा टीबी के प्रमुख लक्षण के बारे में विस्तार से बताया गया जिसमें 2 सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून आना, लगातार वजन कम होना तथा शाम को बुखार आना आदि। एवं हाय-रिस्क समूह 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, डायबिटीज मरीजों, धूम्रपान ,शराब का सेवन करने वालों व अन्य गंभीर मरीजों की प्राथमिक स्तर पर जांच कराने हेतु जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले के निर्धारित स्वास्थ्य लक्ष्यों और टीबी उन्मूलन के सभी टारगेट को पूरा करने के लिए दिसंबर तक की समय-सीमा तय की गई है का जानकारी समस्त नोडल अधिकारी को दिया गया। बैठक में जिला पंचायत, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, आदिवासी विकास और शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता में चार राज्यों की टीमों ने भाग लिया**

# उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के बालक एवं बालिका अंडर 14 हैंडबॉल टीम का शानदार प्रदर्शन

**रायगढ़।** उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के लिए बालक अंडर 14 एवं बालिका अंडर 14 हैंडबॉल टीम ने ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, अंबिकापुर में आयोजित गेम्स क्लस्टर हैंडबॉल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल एवं असम सहित चार राज्यों की टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच उत्तम इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय देते हुए यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। बालक अंडर 14 टीम के खिलाड़ी अर्पित, चितेश, भाव्य, मुकुंद, योवल, काशिश, चिरंजीवी, आयुष, अंश, कुणाल एवं पीयूष। बालिका अंडर.14 टीम की खिलाड़ी आर्या, हिमांशी, रुक्मणी, ईशा, मुक्ति, आराधना, खुशी एवं हेमप्रभा। इस शानदार सफलता के पीछे विद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज रजनीश सिंह एवं असिस्टेंट स्पोर्ट्स इंचार्ज सोमेश साहू का विशेष मार्गदर्शन, अथक परिश्रम एवं नियमित प्रशिक्षण रहा। इनके साथ विद्यालय की खेल प्रशिक्षक सुश्री मुस्कान अग्रवाल एवं सुश्री ममता ने भी खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षित किया, जिसके परिणामस्वरूप टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन गौतम चौधरी ने सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि उत्तम इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के लिए हर संभव अवसर प्रदान करता रहेगा। विद्यालय के डायरेक्टर संजय चौधरी ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में हमारे विद्यार्थी और भी बड़ी सफलताएँ प्राप्त कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर गोपाल श्रीवास ने खिलाड़ियों की लगन अनुशासन एवं टीम भावना की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।




# 100 छात्राओं ने लिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की पहल एवं नवगुरूकुल के सहयोग से कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय महादेवडांड में अध्ययनरत एवं छात्रावास में निवासरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की 100 छात्राओं के लिए ई-शिक्षा आधारित 6 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने अध्ययन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए एआई के विभिन्न उपयोगों की जानकारी प्राप्त की। इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी के 120 विद्यार्थियों ने भी प्रशिक्षण हासिल किया। ज्वाइंट कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा के निर्देशानुसार जिले के नवोदय, केंद्रीय, पीएम श्री, सेजेस, आईसीटी एवं कंप्यूटर लैब युक्त 15 विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणा, कार्यप्रणाली तथा वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को एआई टूल्स के लिए प्रभावी प्रॉम्प्ट तैयार करने, एआई के इतिहास एवं उसके विकासक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही इसके बेसिक्स, महत्व तथा दैनिक जीवन में होने वाले रियल-लाइफ एप्लीकेशंस पर भी चर्चा की गई। कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय महादेवडांड की छात्राओं को सुश्री नीतू एवं प्रियंका ठाकुर ने प्रशिक्षण प्रदान किया, जबकि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी में रेणुका चक्रधारी एवं संजना मरकाम ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के सफल संचालन में नवगुरूकुल के करिकुलम सपोर्ट टीम से श्रीमती दीपालोचनी कार्तिक, श्रीमती नीलम चौहान, बगीचा बीईओ सुदर्शन पटेल, एबीईओ दिलीप टोप्पो तथा केजीबीपी की अधीक्षिका श्रीमती मेलानी एक्का की विशेष भूमिका रही। वहीं कुनकुरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन पैंकरा, एबीईओ श्रीमती मारिया तिर्की एवं सेजेस प्राचार्य जे. सिंह का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।




# उपसरपंच की पहल से आत्मानंद, संकल्प स्कूल में दूर हुई पेयजल समस्या

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत कुनकुरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बेमताटोली के उपसरपंच आलोक लकड़ा ने ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए अपनी युवा टीम के साथ आत्मानंद स्कूल तथा संकल्प स्कूल, सलियाटोली में खराब पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराया। दोनों विद्यालयों में बोर मशीन की मरम्मत के साथ पाइपलाइन को भी ठीक कराया गया, जिससे लंबे समय से बनी पेयजल की समस्या का समाधान हो गया।

विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था बाधित होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर उपसरपंच आलोक लकड़ा ने तत्काल पहल करते हुए अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बोर मशीन एवं पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य कराया। कार्य पूर्ण होने के बाद दोनों विद्यालयों में फिर से सुचारु रूप से पेयजल उपलब्ध होने लगा है। इस पहल से विद्यालय प्रबंधन, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने उपसरपंच आलोक लकड़ा और उनकी युवा टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने से बच्चों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सका है।



# शैक्षिक गुणवत्ता व विद्यालयों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए संकुल में बैठक

**रायगढ़।** संकुल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी रायगढ़ में 27 जुलाई दिवस सोमवार को शैक्षिक गुणवत्ता व विद्यालयों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए बैठक संकुल प्राचार्य भरत लाल नामदेव की अध्यक्षता में भारत माता के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ। संकुल प्राचार्य भरत लाल नामदेव ने उपस्थित सभी प्रधान पाठकों व शिक्षकों को शासन के मंशानुरूप विभागीय आदेशों निर्देशों का पालन पूरी दृढ़ता, गंभीरता व ईमानदारी से करते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने प्रथम सत्र में सीजीवीएसके एप में आनलाइन उपस्थिति, शासन विभागध्संकुल से व्हाट्स एप में या अन्य किसी उचित माध्यम से प्रसारित आदेश निर्देश का शत प्रतिशत क्रियान्वयन यूडाइस प्रोग्रेशन व अपडेशन, एमबीयू अपडेशन, छात्रवृत्ति कार्य संबंधी जानकारी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान विषयों हेतु विशेष मार्गदर्शन व कार्य योजना, शाला की वार्षिक कार्य योजना, मेंटर शिक्षक नियुक्त करनाएशी बाक्स, पास्को शिकायत बाक्स, चलित सेनेटरी वेंडिंग मशीन एवं उसकी उपलब्धता, शत प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति की सुनिश्चितता समेत शाला में वृक्षारोपण, कर्तव्य के प्रति निष्ठा आदि बिंदुओं पर चर्चा की। इस बैठक में संकुल शैक्षिक समन्वयक सन्नी खाण्डे, हायर सेकेण्डरी केवड़ा बाड़ी से प्रभारी प्राचार्य श्रीमती गायत्री ठाकुर, श्रीमती विभा शर्मा, माध्यमिक विद्यालय से प्रधान पाठक द्वय अनिल कुमार मोदी, श्रीमती प्रेमलता चंदेल, शिक्षिका श्रीमती भगवती शर्मा, प्राथमिक विद्यालय अंतर्गत सर्व प्रधान पाठक डॉ.मनीषा त्रिपाठी, श्रीमती गौरी मोहंती, श्रीमती क्षमा साहू, दीपक पटेल, माधव राम सिदार, सहायक शिक्षक श्रीमती भावना दुबे, रश्मि भगत आदि उपस्थित थे।



## पृष्ठ 1 का शेष

### 77 हितग्राहियों को ...

एवं ई हैं। इनमें हेपेटाइटिस-बी एवं सी लंबे समय तक शरीर में रहकर लीवर सिरोसिस, लीवर फेलियर तथा लीवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, पूर्ण टीकाकरण और जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से प्रभावी रूप से बचाव किया जा सकता है। जागरूकता सत्र में प्रतिभागियों को बताया गया कि हेपेटाइटिस के सामान्य लक्षणों में अत्यधिक थकान, भूख कम लगना, मतली एवं उल्टी, बुखार, पेट के दाहिने हिस्से में दर्द, आंखों एवं त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया), गहरे रंग का मूत्र तथा हल्के रंग का मल शामिल हैं। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि कई संक्रमित व्यक्तियों में प्रारंभिक अवस्था में कोई लक्षण दिखाई नहीं देते, इसलिए समय पर जांच और टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हेपेटाइटिस से बचाव के प्रभावी उपायों की भी विस्तृत जानकारी दी।

### नेशनल लोक अदालत...

उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, शमनीय मामले, बैंक के वसूली, नगर पालिक निगम, दूरसंचार विभाग के वसूली योग्य एवं न्यायालय के लंबित प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जावेगा। जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते हैं, वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते हैं।

### दोकड़ा में नीलाद्री ...

भजनों एवं संकीर्तन से देर रात तक श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर रहे। महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित लॉटरी कूपन ड्रा भी आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता, लिटिल चैंप प्रतियोगिता एवं फूल-माला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं रचनात्मक प्रतिभा की उपस्थित लोगों ने भरपूर सराहना की। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1942 से निरंतर आयोजित हो रही दोकड़ा की ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ रथयात्रा आज छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं झारखंड के श्रद्धालुओं की आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। हर वर्ष इस महोत्सव में हजारों श्रद्धालु शामिल होकर महाप्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं तथा धार्मिक परंपराओं के संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाते हैं।

संत रविदास की 650 वीं जयंती पर चलेगा साढ़े 6 माह का महाभियान

# बालाजी मंदिर के दीप श्रृंगार के साथ शुरू होगा भाजपा का समरसता संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

\संत रविदास की 650वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी जिले के प्रमुख मंदिरों में दीप प्रज्वलित करेगी। इसके साथ ही कलश यात्रा के माध्यम से शहर से लेकर गांव तक भजन और प्रवचन के माध्यम से संत रविदास के आदर्शों व विचारों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए समरसता अभियान चलाएगी।

लगभग साढ़े छह महिने तक चलने वाले इस अभियान के भाजपा ने राष्ट्र स्तर से लेकर मंडल स्तर तक टीम का गठन किया है। भाजपा के सरगुजा संभाग के संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल ने उक्त बातें कही। उन्होंने जिला भाजपा कार्यालय राधाकांत भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में मिडिया को कार्यक्रम की रूपरेखा बताई, उन्होने बताया कि पार्टी इस अभियान को केवल संगठनात्मक कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण और राष्ट्रीय एकता के व्यापक जनआंदोलन के रूप में संचालित करेगी। अभियान का शुभारंभ 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर होगा। इस दिन देशभर के मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों स्थानों पर दीप प्रज्वलित कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा। इसके पश्चात कलश वंदन अभियान के माध्यम से वाराणसी स्थित संत गुरु रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर की पवित्र मिट्टी देशभर के राज्यों, जिलों, मंडलों और गांवों तक पहुंचाई जाएगी। विभिन्न स्थानों पर भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रवचन और सामाजिक समरसता पर संगोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि 29 जुलाई से 31 अगस्त तक संत संपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता संत गुरु रविदास परंपरा से जुड़े संत-महात्माओं सहित विभिन्न धार्मिक परंपराओं के संतों से भेंट कर उनका सम्मान करेंगे। वहीं 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक श्री गुरु रविदास महाराज समरसता यात्रा निकाली जाएगी, जो पंजाब के डेरा सचखंड बल्लां से प्रारंभ होकर वाराणसी स्थित जन्मस्थली तक पहुंचेगी। प्रेस वार्ता में जशपुर विधायक रायमुनी भगत, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जिला महामंत्री द्वय मुकेश शर्मा, मनीष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र यादव, नपा अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान, एस सी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवधन नायक, जिला कार्यालय प्रभारी शरद चैरसिया, शहर मण्डल अध्यक्ष मुकेश सोनी तथा मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।




online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411